Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 26-04-2005
Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

Title: Need to revive Sindri Fertilizer Plant in Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, उर्वरक मंत्रालय का ध्यान आकृट करते हुए कहना चाहता हूं कि पूर्व में सरकार द्वारा देश के प्रथम प्रधान मंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्थापित झारखंड के सिन्दरी खाद कारखाने को बंद कर दिया गया था। परन्तु, हाल ही में सिन्दरी कारखाने को पुनः चालू करने की दिशा में कार्यवाही करते हुए कारखाना के संबंध में पी0एफ0डी0 की एक विशोज्ञ कमेटी बनाकर विस्तृत जांच प्रतिवेदन मांगा गया। पी0एफ0डी0 द्वारा इस संबंध में अपना प्रतिवेदन पिछले र्वा मंत्रालय को सौंप दिया गया है, परन्तु प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद भी इस दिशा में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी है, जिससे सिन्दरी कारखाने पर आधारित लाखों नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि सिन्दरी कारखाने को चालू करने के संबंध में पी0एफ0डी0 द्वारा दी गयी रिपोर्ट के आधार पर अविलम्ब कार्यवाही कर उसे पुनः चालू करने की दिशा में पहल की जाये।